रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 19 नवंबर 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO.8LEFT MIDDLE

जील में एमबीबीएस 2014 के छात्र चैंपियन

बरेली | हिन्दुस्तान टीम

एसआरएमएस में शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव जील 2017 का आयोजन हुआ। • हिन्दुस्तान

श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव जील 2017 का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, प्राचार्य डा. जेके गोयल ने किया। कार्यक्रम की थीम बालीवुड ट्रेइयूर थी जो भारतीय सिनेमा पर आधारित है जिसमें प्रारम्भ से अब तक की फिल्मों को दर्शाया गया है।

पहले दिन कार्यक्रम का शुभारम्भ कविता प्रतियोगिता के साथ हुआ जिसमें एमबीबीएस के विभिन्न बैच के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा प्रथम पुरस्कार सौमिक चटर्जी, एमबीबीएस-2015 बैच को मिला। अंग्रेजी एवं हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार, नकुल गुप्ता, एवं असीम यादव को मिला। मोनो एक्ट में प्रथम पुरस्कार सृष्टि गुप्ता एवं द्वितीय पुरस्कार अचल सिंघल ने प्राप्त किया।

क्विज में प्रथम पुरस्कार एमबीबीएस 2014 बैच के छात्रों ने प्राप्त किया। फाइन आर्ट्स गैलरी में पाट पेन्टिंग, फेस पेन्टिंग, एवं टी-शर्ट पेंटिंग, नेल आर्ट, फायरलेस कुकिंग, मेंहदी, हेयर स्टाईल आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें एमबीबीएस के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई। दूसरे दिन सोलो डांस के साथ प्रतियोगिता शुरू हुई। इसके उपरान्त नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फैकल्टी की अंताक्षरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के फैकल्टी द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी गई। स्टार ऑफ जील का खिताब संचिता गुप्ता, एमबीबीएस बैच-2015 एवं ओवरऑल बैच शील्ड एमबीबीएस 2014 बैच को प्रदान की गई। शाम को रॉक बैण्ड का भी आयोजन किया गया।